# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

**प्रेस नोट** **दिनांक 02अक्टूबर 2023**

महाविद्यालय में दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में महात्मागांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रातः 09 बजे महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा राष्ट्रध्वज का ध्वजारोहण किया गया, साथ ही महाविद्यालय की प्रोफेसर श्रीमती पुष्पा नेगी, कार्मिको श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत व महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के द्वारा साथ राष्ट्रगान कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इसके साथ ही दोनो महान विभूतियों के प्रतिमा पर पुष्प माल्यापर्ण व नमन किया गया। महाविद्यालय की प्रोफेसर श्रीमती पुष्पा नेगी प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने एन0एस0एस0 इकाई के विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्रथम सत्र में स्वयं सेवियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा है, कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई व छोटी छोटी झाड़ियों की कटाई व साफ सफाई की गयी। साथ परिसर में कूड़े का एकत्रित किया गया। बौद्धिक सत्र में छात्र/छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा है, एक दिवसीय शिविर के तहत श्रीमती पुष्पा नेगी प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा जागरूकता संदेश कार्यक्रम के तहत स्वच्छता सीखने, अपने व्यवहार में लाने, अच्छी आदतें विकसित करने, महाविद्यालय प्रागंण व घर को स्वच्छ बनाये रखने के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होने कहा कि गॉधी जी के खुशहाल व स्वच्छ आजाद भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी को कार्य करना होगा। और शास्त्री जी के सरल व सादगीपूर्ण जीवन तथा इमानदारी हम सभी को प्रेरित करती है, जिसे हमे अपनाना होगा। कार्यक्रम में ओमप्रकाश जोशी, नीमा भट्ट, भावना राणा, रूक्मणी ने भाषण, अन्य स्वयं सेवियों द्वारा विभिन्न जागरूकता स्लोगन व पेन्टिंग प्रस्तुत किये। डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता ने महात्मा गॉधी व श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्श को अपनाने, दैनिक जीवन में दायित्व का बोध करने के बारे में जागरूक किया तथा सभी को शुभकामनाएं दी।

प्रभारी प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी,
चम्पावत

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)